**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**07.08.2026 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2352 का उत्तर**

**एबीएसएस के अंतर्गत अवसंरचना उन्नयन एवं सौंदर्यकरण कार्य**

**2352. श्री राजेश परमानंद शुक्लः**
**श्री मनन कुमार मिश्रः**
**श्री मिथलेश कुमारः**
**श्रीमती माया नारोलिया:**
**श्री शंभू शरण पटेल:**
**डा. संदीप कुमार पाठकः**
**श्री मयंककुमार नायकः**
**श्री सुरेन्द्र सिंह नागरः**
**श्री अमर पाल मौर्य:**
**श्री कणाद पुरकायस्थ:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर किए गए अवसंरचना उन्नयन एवं सौंदर्यकरण कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए सुगम पहुँच सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं;

(ग) यदि हाँ, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) योजना के अंतर्गत स्वीकृत कुल स्टेशनों की तुलना में अब तक पूर्ण किए गए स्टेशनों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क) से (घ) रेल मंत्रालय द्वारा दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है।

इस योजना में भारतीय रेल के स्टेशनों में सुधार करने के लिए मास्टर योजना तैयार करना और उनका चरणबद्ध कार्यान्वयन शामिल है। इस मास्टर योजना में, प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित कार्य शामिल हैं :

- स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार,
- स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण,
- स्टेशन भवन में सुधार,
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पानी के बूथ में सुधार,
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े ऊपरी पैदल पार पुल/सब-वे का प्रावधान
- लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ियों/रैंप का प्रावधान,
- प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार/प्लेटफॉर्म शेल्टर का प्रावधान,
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान,
- पार्किंग विकास,
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं,
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली,
- एयर कॉन्कोर्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज, मल्टीमॉडल एकीकरण, लैंडस्केपिंग आदि का प्रावधान शामिल हैं।

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध रूप से एवं यथा व्यवहार्य दीर्घकालिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान आदि और दीर्घावधि में स्टेशन पर सिटी सेन्टरों के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए 1340 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से निम्नलिखित 261 स्टेशनों को पूरा कर लिया गया है:

ऐशबाग जंक्शन, अलनावर, अंब अंदौरा, अम्बासमुद्रम, अंबिकापुर, आमगांव, आनंदपुर साहिब, अनारा, अंगमाली फॉर कलाडी, अशोकनगर, अयोध्या धाम जंक्शन, बछरावाँ, बादामी, बागलकोट, बहेरी, बैजनाथ पपरोला, बालाघाट, बलांगीर, बालोद, बलरामपुर, बनमनखी, बंतावाला, बाराभूम, बारामती, बरेली सिटी, बारीपदा, बाड़मेर, बरपाली, बेगमपेट, ब्योहारी, भक्तिनगर, भानुप्रतापपुर, भिलाई, भिंड, बिजनौर, बिमलगढ़, बोम्मिडी, बूंदी, भायखला, चाईबासा, चालकुडी, चंपा, चंदा फोर्ट, चाण्डिल, चंगनास्सेरी, चेन्नै पार्क, छिंदवाड़ा, चिदंबरम, चिंचपोकली, चिन्ना सेलम, चिरायिंकीझ, चुनार जंक्शन, कुन्नूर, कुंबुम, कटक, डाकोर, डालीगंज, दल्लीराझरा, दौरम मधेपुरा,

दौसा, डीग, डेरोल, देशनोक, देवलाली, धामपुर, धारवाड़, धुले, दीघा, डोंगरगढ़, एलुरु, फतेहाबाद, फतेहनगर, फतेहपुर, फतेहपुर शेखावाटी, फेरोक, गडग, गंगापुर सिटी, गड़बेत्ता, गौरीगंज, गिरिडीह, गोड्डा, गोधरा जंक्शन, गोगामेड़ी, गोकक रोड, गोला गोकर्णनाथ, गोमतीनगर, गोटन, गोवर्धन, गोविंद गढ़, गोविंदपुर रोड, गोविंदपुरी, गुरूवायूर, हफिजपेट, हैबरगांव, हल्दिया, हल्दीबाड़ी, हापा, हरपालपुर, हर्रावाला, हाथरस सिटी, हाई-टेक सिटी, हिमायतनगर, होडल, होसपेट, ईदगाह आगरा जंक्शन, इज्जतनगर, जैसलमेर, जालंधर कैंटोनमेंट जं., जलपाईगुड़ी रोड, जाम जोधपुर, जाम वनथली, जनगांव, जींद जं., जॉयचंदी पहाड़ जंक्शन, जुन्नोर देव, कहलगांव, काकीनाडा टाउन जंक्शन, कालका, कल्याणी घोषपारा, कामाख्यागुड़ी, कनालुस जंक्शन, कराईकुडी जंक्शन, करमसद, करीमनगर, कटनी दक्षिण, कतरासगढ़, केडगांव, केसिंगा, खैरथल, खलीलाबाद, खंभालिया, खरियार रोड़, कोप्पल, कोसंबा जंक्शन, कोटद्वार, कुलितुरई, कुट्टिपुरम, लासलगांव, लिम्बडी, लोहरदगा, लोनांद जंक्शन, मधुपुर जंक्शन, महबूबाबाद, माहे, महुवा, मैलानी जंक्शन, माजबाट, मल्कापुर, माम्बलम, मनापराई, मंडल गढ़, मंडावर महवा रोड, मंडी डबवाली, मंगलागिरी, मन्नारगुडी, माटुंगा, मावेलिक्करा, एमसीएस छतरपुर, मीठापुर, मोदीनगर, मोहनलालगंज, मोरप्पुर, मोरबी, मुक्तसर, मुनिराबाद, मुरी जंक्शन, मुर्तिजापुर जंक्शन, नैनपुर जंक्शन, नमक्कल, नंदुरा, नर्मदापुरम, नरवाना जंक्शन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, निदादावोलू जंक्शन, नीलांबुर रोड, ओखा, ओरई, ओरछा, पाकुड़, पलनि, पालीताना, पानागढ़, पनकी धाम, परमक्कुडी, परप्पनंगडी, परेल, परलाखेमुंडी, फाफामऊ जं., पीरपैंती, पिस्का, पुखरायां, पोलाची जंक्शन, पोलूर, पोरबंदर, प्रतापनगर, प्रयाग जं., राजनांदगांव, राजगढ़, राजमहल, राजुला जंक्शन, रामागुंडम, रामगढ़ कैंटोनमेंट, रामघाट हाल्ट, रानिबेन्नूर, रायनपाडु, सबौर, सहारनपुर जंक्शन, साहिबगंज, सलेमपुर, समखियाली, समलपट्टी, सांची, शंकरपुर, सरोना, साहिबजादा अजीत सिंह नगर मोहाली, सावदा, सिवनी, शहाद, शाजापुर, शामली, शिवनारायणपुर, शिवपुरी, शोलावंदन, शोरानूर जंक्शन, श्रीधाम, सिद्धार्थ नगर, सीहोर जंक्शन, सिमुलतला, सिउरी, सोजत रोड, सोमेसर, श्री बाला ब्रह्मेश्वर जोगुलम्बा, श्रीरंगम, श्रीविल्लिपुत्तूर, सेंट थॉमस माउंट, सुब्रह्मण्य रोड, सुल्लुरपेटा, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छापिया, तालचेर, तामलुक, टनकपुर, थालास्सेरी, थावे, थिरुवरूर जंक्शन, टीकमगढ़, तिरूर, तिरुवन्नामलाई, त्रिपुनिथुरा, टूनी, उदगमंडलम, उझानी, उरकुरा, उतरन, वडकारा, वडाला रोड, विदिशा, विंध्याचल, वृद्धाचलम जंक्शन, वडकांचेरी, वारंगल।

अन्य स्टेशनों पर विकास के कार्यकलाप भी तीव्र गति से शुरू किए गए हैं और कुछ स्टेशनों की प्रगति निम्नानुसार है:

- **धुबरी स्टेशन:** नए स्टेशन भवन, बरामदे, नए उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के निर्माण कार्य, मौजूदा स्टेशन भवन, परिचलन क्षेत्र, प्लेटफॉर्म शेल्टर, शौचालय, बाउंड्री

वॉल, 12 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पार पुल का सुधार और सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड की संस्थापना संबंधी कार्य पूरे हो चुके हैं। लिफ्ट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

- **अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन:** प्लेटफॉर्म संख्या 1/2 और 3/4 का विस्तार और सतह संबंधी कार्य एवं नए शौचालय ब्लॉक के कार्य पूरे किए जा चुके हैं। स्टेशन भवन का सुधार, परिचलन क्षेत्र में सुधार, प्रवेश/निकास द्वार, पानी के नए बूथ, प्लेटफॉर्म शेल्टर और नए 6 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल के निर्माण कार्य शुरू किए गए हैं।
- **गया स्टेशन:** दूसरे प्रवेश द्वार पर नए आगमन भवन का कार्य पूरा हो चुका है। दूसरे प्रवेश द्वार पर नए प्रस्थान भवन, मुख्य प्रवेश द्वार पर नए आगमन और प्रस्थान भवन, नया प्लेटफॉर्म सं. 8, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, एयर कॉनकोर्स और परिचलन क्षेत्र के सुधार संबंधी कार्य शुरू किए गए हैं।
- **नया भुज स्टेशन:** मुख्य और दूसरे प्रवेश द्वार और एयर कॉनकोर्स में नए स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य पूरा हो गया है और फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। नए ऊपरी पैदल पार पुल, थ्रू रूफ, मुख्य प्रवेश द्वार और दूसरे प्रवेश द्वार पर परिचलन क्षेत्र में सुधार, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, लिफ्ट और एस्केलेटर के निर्माण कार्य शुरू किए गए हैं।
- **कलोल जंक्शन स्टेशन:** मुख्य और दूसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन का निर्माण, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह का सुधार, परिचलन क्षेत्र और पार्किंग में सुधार संबंधी कार्य पूरे हो चुके हैं। 12 मीटर चौड़े नए ऊपरी पैदल पार पुल का निर्माण कार्य, वाटर बूथ और प्रवेश/निकास द्वार के सुधार संबंधी कार्य शुरू किए गए हैं।
- **संत हिरदाराम नगर स्टेशन:** नए स्टेशन भवन का कार्य, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग का सुधार, प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 पर प्लेटफॉर्म सतह का सुधार, प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्रतीक्षालय, शौचालय, प्रवेश बरामदा, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं और दूसरे प्रवेश द्वार पर परिचलन क्षेत्र का सुधार कार्य पूरे हो चुके हैं। लिफ्ट का कार्य शुरू कर दिया गया है।
- **सरहिंद स्टेशन:** स्टेशन भवन का सुधार, परिचलन क्षेत्र, पार्किंग, प्रवेश द्वार, प्रांगण का सुधार, प्रतीक्षालय का सुधार, शौचालयों का सुधार, प्रवेश और निकास द्वार, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और संकेतन के सुधार संबंधी कार्य पूरे हो चुके हैं। प्लेटफॉर्म को ऊपर उठाने, प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार, 12 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पार पुल के साथ रैंप और लिफ्ट का कार्य शुरू कर दिया गया है।
- **लखनऊ (चारबाग) उत्तर रेलवे स्टेशन:** दूसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य पूरा हो गया है। रेलवे स्टेशन भवन, कॉनकोर्स, 10 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पार पुल के फिनिशिंग कार्य, दूसरे प्रवेश द्वार पर परिचलन क्षेत्र का विकास और मुख्य प्रवेश द्वार पर परिचलन क्षेत्र का सुधार संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है।

- **प्रयागराज जंक्शन स्टेशन:** सिविल लाइन्स की ओर से स्टेशन भवन का संरचनात्मक कार्य, रेलवे मेल सर्विस भवन, पार्सल भवन, दो आगमन ब्लॉक, 2 विद्युत उपकेंद्र और सतह पार्किंग में सुधार संबंधी कार्य पूरे हो चुके हैं। स्टेशन भवन, रेलवे मेल सेवा भवन, पार्सल भवन का फिनिशिंग कार्य और विद्युत उपकेंद्र, शहर की ओर बेसमेंट पार्किंग, एयर कॉनकोर्स और नए प्लेटफॉर्म शेल्टर के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

इसके अलावा, भारतीय रेल में स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में निर्माण कार्य परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन आवश्यकतानुसार किए जाते हैं। स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण स्टेशन की कोटि/अवस्था/यातायात संभलाई आदि के आधार पर किया जाता है।

भारतीय रेल भारत सरकार के "सुगम्य भारत मिशन" या 'एक्सेसिबल इंडिया कैंपेन' के तहत दिव्यांगजनों और कम गतिशील यात्रियों के लिए अपने रेलवे स्टेशनों को सुगम्य बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुपालन में, "दिव्यांगजनों और कम गतिशील यात्रियों के लिए भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों तक पहुंच और रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं संबंधी दिशानिर्देश" भारत के राजपत्र में परिपत्रित और अधिसूचित किए गए हैं। इन दिशानिर्देशों में दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों की सुविधा के लिए प्रवेश रैम्प, सुगम्य पार्किंग, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर/सहायता बूथ, शौचालय, पेयजल बूथ, रैम्प/लिफ्टों के साथ भूमिगत पैदल पार पथ/पैदल पार पुल, ब्रेल साइनेज सहित मानक संकेतक और दृष्टि बाधित लोगों के लिए स्पर्श्य मार्ग आदि की व्यवस्था की गई है, जिन्हें उचित एकोमोडेशन के सिद्धांतों पर चरणबद्ध रूप से कार्यान्वित किया गया है।

******